NCERT SOLUTIONS

CLASS - 7th



aglasem.com

Class : 7th
Subject : नागरिक शास्त्र
Chapter : 6
Chapter Name : संचार माध्यमों को समझना

Q1 प्रजातंत्र में संचार माध्यम किस प्रकार महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं?
Answer. प्रजातंत्र में संचार माध्यम निम्नलिखित रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं :-

* संचार माध्यमों के द्वारा ही हमें देश और संसार में होने वाली घटनाओं के बारे में पता चलता है।

* संचार माध्यमों के द्वारा ही हमें सरकार द्वारा किये गए कार्यों के बारे में पता चलता है ।

* संचार माध्यमों के आधार पर हमें सरकार के द्वारा किये गए कार्यों की आलोचना कर सकते है उस पर कारवाई कर सकते है ।

*संचार माध्यम पिछड़े क्षेत्रों के विकास,उन्नति में मददगार होते है।

*इससे लोगों का मनोरंजन होता है साथ ही साथ शिक्षा भी मिलती है।

*संचार साधनों के द्वारा हमें उपग्रहों के माध्यम से मौसम से संबंधित जानकारी मिल जाती है जिससे खेती में होने वाला नुक्सान कम होता है ।

Page : 79 , Block name : अभ्यास (long answer question)

Q2 क्या आप इस रेखा चित्र को एक शीर्षक दे सकते हैं? इस रेखा चित्र से आप संचार माध्यम और बड़े व्यापार के परस्पर संबंध के बारे में क्या समझ पा रहे हैं?
Answer. शीर्षक " संचार के माध्यम से व्यापार "
आधुनिक युग में संचार साधनों के विकास ने व्यापार के विकास को अपेक्षाकृत सरल बना दिया है। आज के समय में व्यापार से संबंधित सभी कार्यों को संचार माध्यमों की मदद से घर बैठे बैठे ही पूरा किया जा सकता है।व्यापारी अपने उत्पाद को बेचने के लिए विज्ञापनों का सहारा लेते है जिससे उन्हें अपने उत्पाद को बेचने में सहायता मिलती है साथ ही उस वस्तु की बिक्री भी बढ़ जाती है और व्यापारियों को अधिक लाभ मिलता है ।

Page : 79 , Block name : अभ्यास (long answer question)

Q3 आप पढ़ चुके हैं कि संचार माध्यम किस प्रकार एजेंडा बनाते हैं। इनका प्रजातंत्र में क्या प्रभाव पड़ता है? अपने विचारों के पक्ष में दो उदाहरण दीजिए।
Answer. संचार के साधन लोगों को अपनी और आकर्षित करने के लिए भिन्न भिन्न प्रकार के एजेंडा बनाते है। यह लोकतंत्र को अनेक प्रकार से प्रभावित करते है जैसे -

* संचार माध्यम सरकार की नीतियों और कार्यों के बारे में जनता तक पहुँचाते है जनता उन नीतियों के बारे में अपने विचार देती है।

*संचार माध्यम अपना एजेंडा निश्चित कर देते है जिसके तहत मुख्य बातों पर ही ध्यान दिया जाता है।

Page : 79 , Block name : अभ्यास (long answer question)

Q4 - Q5 - छात्र स्वयं करें ।

aglasem.com